*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय के डॉ. अख्तर आलम को मिला अंतरराष्ट्रीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का द्वितीय पुरस्कार



वर्धा दि. 21 जनवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अख्तर आलम को मॉरिशस स्थित विश्व हिंदी सचिवालय की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने 'विश्व पटल पर हिंदी का अलख जगाता हिंदी विश्वविद्यालय' इस विषय पर अपना निबंध प्रस्तुत किया था। इस संबंध में विश्व हिंदी सचिवालय के कार्यवाहक महासचिव गंगाधर सिंह सुखलाल ने एक पत्र लिखकर यह जानकारी डॉ. अख्तर आलम को दी और उन्हें सचिवालय की ओर से हार्दिक बधाई भी दी है।

उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता तथा जनसंचार विभाग के प्रो. अनिल कुमार राय, सहायक प्रोफेसर डॉ. धरवेश कठेरिया, डॉ. रेणु सिंह, राजेश लेहकपुरे, संदीप वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे आदि सहित विद्यार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

विदित हो कि विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरिशस ने विश्व हिंदी दिवस 2016 के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता रखी थी जिसके परिणामों की घोषणा 14 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर की गई। डॉ. अख्तर आलम को भौगोलिक क्षेत्र भारत के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार के लिए चयनीत किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें साठ डॉलर एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। विश्व हिंदी सचिवालय के कार्यवाहक महासचिव गंगाधर सिंह सुखलाल ने एक पत्र लिखकर यह जानकारी डॉ. अख्तर आलम को दी और उन्हें सचिवालय की ओर से हार्दिक बधाई भी दी।